**खबर संक्षेप**

## अब बैसाखी नहीं, मोटराइज्ड साइकिल बनी वंदना का सहारा

**मण्डला।** दिव्यांगता कभी भी इंसान के हौसलों को नहीं रोक सकती, यदि उसे सही समय पर शासन की योजनाओं का साथ मिल जाए। जिले के ग्राम घुघरी की निवासी श्रीमती वंदना धुर्वे की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक है। 37 वर्षीय वंदना धुर्वे ने बताया कि मैं 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। दिव्यांगता के कारण उनका जीवन काफी संघर्षपूर्ण था। मुझे घर से बाहर कहीं भी आने-जाने के लिए पूरी तरह से बैसाखी पर निर्भर रहना पड़ता था। वंदना बताती हैं कि बैसाखी के सहारे चलना न केवल थका देने वाला था, बल्कि किसी भी काम के लिए उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों का सहारा लेना पड़ता था। इस स्थिति ने उनके आर्थिक और सामाजिक जीवन को सीमित कर दिया था। वंदना के जीवन में बदलाव की शुरुआत तब हुई जब उन्हें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की श्एलिपको की एडिप योजनाश् के बारे में पता चला। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, मण्डला के माध्यम से उन्हें 3 दिसंबर 2025 के अवसर पर मोटराइज्ड साइकिल प्रदान की गई। पहले बैसाखी की वजह से चलना बहुत मुश्किल था। अब मोटराइज्ड साइकिल मिलने से मुझे किसी का सहारा नहीं लेना पड़ता। अब मैं कहीं भी आ-जा सकती हूँ और अपने परिवार के लिए जीविका अर्जित करने में सक्षम हूँ।

## कन्हारी निवासी रमेश यादव का निधन

**भुआबिछिया।** भारतीय किसान संघ के ब्लाक अध्यक्ष ग्राम कन्हारी कला निवासी जमुना यादव के पिता रमेश यादव का विगत दिवस 68 वर्ष की आयु में हृदयाघात से निधन हो गया अंतिम यात्रा उनके गृह ग्राम हुई जहां सैंकड़ों लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रेलवे मंत्रालय से चर्चा कर शीघ्र सकारात्मक पहल करेंगे-कुलस्ते

# रेल विकास को लेकर सांसद से महत्वपूर्ण चर्चा

*** रेल्वे संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया संवाद।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आज राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति मंडला के प्रतिनिधिमंडल ने मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से उनके संसद कार्यालय में सौजन्य भेंट कर मंडला क्षेत्र के रेल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन से ट्रेनों के संचालन, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र के समग्र रेल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे सांसद महोदय के समक्ष रखे। समिति द्वारा प्रमुख रूप से निम्न मांगें रखी गईं-

### मंडला फोर्ट से नागपुर के लिए रात्रिकालीन फास्ट पैसेंजर ट्रेन प्रारंभ करने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंडला, नैनपुर, सिवनी एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्री प्रतिदिन नागपुर आवागमन करते हैं। ऐसे में मंडला फोर्ट से नागपुर के लिए रात्रिकालीन फास्ट पैसेंजर ट्रेन प्रारंभ होने से यात्रियों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।



### पंचवेली एक्सप्रेस को मंडला फोर्ट से संचालित करने की मांग

समिति ने प्रस्ताव रखा कि वर्तमान में संचालित Panchveli Express को मंडला फोर्ट से प्रारंभ किया जाए। इससे मंडला क्षेत्र को सीधे नागपुर एवं मध्य भारत के अन्य प्रमुख शहरों से बेहतर रेल संपर्क प्राप्त होगा और यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में सुविधा मिलेगी।

### मंडला क्षेत्र को जबलपुर रेल जोन में शामिल करने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग रखी कि प्रशासनिक दृष्टि से मंडला क्षेत्र को West Central Railway (जबलपुर रेल जोन) में शामिल किया जाए। इससे मंडला क्षेत्र के रेल विकास कार्यों की गति तेज होगी तथा स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

### मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग

समिति ने स्टेशन पर प्लेटफॉर्म सुविधाओं, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता भी बताई, ताकि बढ़ते यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### मंडला क्षेत्र में नई ट्रेनों के संचालन की आवश्यकता

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंडला जिला पर्यटन, आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक संपदा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां से जबलपुर, नागपुर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल जैसे शहरों के लिए सीधी रेल सेवाओं की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

बैठक के दौरान सांसद ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि मंडला क्षेत्र के रेल विकास के लिए वे रेलवे मंत्रालय से चर्चा कर शीघ्र सकारात्मक पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि मंडला क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति मंडला के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

# रामनवमीं में 27 मार्च को निकलेगी वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सामाजिक समरसता का पर्याय है सनातन धर्मोत्सव परिवार की वाहन रैली। वर्ष 2015 के पूर्व से मंडला के धार्मिक संगठन सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला के द्वारा प्रतिवर्ष दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया जाता। इसके साथ ही साहित्य प्रकाशन, गीता जयंती, संत सम्मेलन, निःशुल्क वस्त्र वितरण, हनुमान जन्मोत्सव, व्यायाम शाला संचालन, परिचर्चा आयोजन आदि ढेर सारे आयोजन किए जाते हैं। नगर के विभिन्न संगठनों के साथ जुड़कर स्थानीय सामाजिक मुद्दों पर भी एकजुट होकर नेतृत्व करने वाले संगठन सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला ने अलग अलग क्षेत्रों बैठक आयोजित करती है सबको एकजुट एकमन और सहमति से आयोजन किए जाने की परंपरा के साथ सबसे मुख्य विशेषता रही है कि दस से ज्यादा वर्षों तक नियमित सक्रियता से विभिन्न गतिविधियों का संचालन करने के बावजूद इस संगठन में कोई भी अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि कोई पद नहीं सब बराबर हैं। सक्रिय सदस्यों को हर बार नेतृत्व करने का अवसर दिया जाता है जिससे नए नेतृत्व को सम्मान मिले।संगठन किसी एक व्यक्ति विशेष के प्रभाव से मुक्त रहे। गैर राजनीतिक संगठन होने के नाते सब जाती वर्ग को बराबरी का दर्जा मिले। सनातन संस्कार के संरक्षण और जागरूकता के लिए सबको एकजुट किए जाने के लिए दस से ज्यादा वर्षों से संकल्पित संगठन से जुड़े सबका कहना है पूरे वर्ष कोई न कोई आयोजन किया जाता है जिसमें स्थानीय हजारों समाजसेवियों का सहयोग मिलता है।

विगत दिवस बड़ी खेरमाई माता मंदिर बिनझिया मंडला में संपन्न हुई बैठक में एक मत निर्णय लिया गया आगामी बैठक मंगलवार सराफा राम मंदिर में बैठक आयोजित की जावेगी जिसमें हिन्दू नववर्ष अर्थात चैत्र नवरात्र प्रारंभ से रामनवमी तक आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों को एकजुट होकर वैदिक नियमानुसार संपन्न हो और पूरे नौ दिन तक नगर में साज सज्जा से रौनक बनी रहे।पूरे नौ दिन धार्मिक वातावरण के साथ भगवामय साज सज्जा के साथ भव्य वातावरण रहे। नगर के सभी धार्मिक श्रद्धालु और समाजसेवियों से आग्रह है सभी आयोजन की तैयारी हेतु पूर्व बैठक की जानकारी सबको रहे सबकी सहभागिता रहे जिससे सब एकजुट एकमन होकर एकदूजे के साथ दें।

## चैत्र नवरात्रि में देवी पुराण का आयोजन



**नारायणगंज।** चैत्र नवरात्रि में नारायणगंज में देवी पुराण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिनांक 19 मार्च से 27 मार्च तक देवी पुराण आयोजन किया गया है जिसमें पुराण वाचक श्री कमल नयन कृष्ण जी महाराज वृंदावन वाले द्वारा किया जाएगा नवरात्रि के अवसर पर 9 दिन देवी पुराण कार्यस्थल देविका गैस एजेंसी के पीछे नारायणगंज दोपहर 2:00 बजे से 6:00 बजे तक मां की महिमा का वर्णन किया जाएगा इस कार्यक्रम में आसपास के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भक्तगणों का होना होगा इस पुराण में मुख्य यजमान रामकुमार सोनी होंगे चैत्र नवरात्रि अवसर पर मां दुर्गा के नौ रूपों की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दुर्घटना पीड़ितों को लाभ दिलाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सड़क सुरक्षा को लेकर जिला स्तर पर सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा दुर्घटना पीड़ितों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल या मृत व्यक्तियों के परिजनों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का समय पर लाभ दिलाया जाए। विशेष रूप से प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पीएम राहत योजना (विशेषकर सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए) दुर्घटना के पात्र पीड़ितों को कैशलेस इलाज प्रदान करती है। यह योजना दुर्घटना के पहले 'गोल्डन ऑवर' में त्वरित चिकित्सा सुनिश्चित करती है और इसका उद्देश्य समय पर इलाज न मिलने से होने वाली मौतों को रोकना है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों को राहवीर योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता का लाभ भी समय पर प्रदान किया जाए। इसके लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

जिला अंतर्गत चिन्हित 10 ब्लैक स्पॉट एवं चिन्हित 34 रेड स्पॉट पर संबंधित सड़क निर्माता विभागों को 7 दिवस के अंदर स्थल निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया जिससे दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके। हिट एंड रन प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकर का पुनः निरीक्षण करने एवं स्पीड ब्रेकर पर रंग रोधन का कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये। नियमित रूप से चैकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट एवं बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अतिक्रमण दस्ता को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, डीएफओ पश्चिम एमएस मौर्य, डीएफओ पूर्व श्रीमती प्रीता एमएस, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नरवाई प्रबंधन को लेकर अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में हार्वेस्टर मालिकों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला योजना भवन मंडला में रबी सीजन में गेहूं फसल की कटाई उपरांत नरवाई प्रबंधन के संबंध में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने जिले में संचालित हार्वेस्टर मालिकों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में फसल अवशेष प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए। हार्वेस्टर संचालकों को निर्देशित किया कि गेहूं कटाई के दौरान कम्बाइन हार्वेस्टर में ''स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एस.एम.एस.)'' अनिवार्य रूप से लगाया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के कम्बाइन हार्वेस्टर से फसल कटाई करना प्रतिबंधित किया गया है।

बैठक में उपस्थित हार्वेस्टर संचालकों ने बताया कि स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के साथ कटाई करने पर खर्च बढ़ जाता है, जिसका अतिरिक्त भार किसानों पर पड़ सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि फसल अवशेष को ''सी.बी.जी. प्लांट'' द्वारा सीधे किसानों से खरीदा जाए, तो उससे प्राप्त आय से किसानों को हार्वेस्टर के भुगतान में भी सुविधा हो सकेगी। बैठक के अंत में हार्वेस्टर मालिकों को कम्बाइन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के साथ-साथ ''स्ट्रा रीपर मशीन एवं बेलर'' के उपयोग के लिए भी निर्देशित किया गया।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, उप संचालक कृषि अश्वनी झारिया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नैनपुर आशुतोष ठाकुर तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला श्रीमती सोनल सिडाना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यवाही** | वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गैंग पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही।

# डीजल चोर गैंग के 3 सदस्य हुये गिरफ्तार

*** मंडला पुलिस की बड़ी कार्यवाही।**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले कुछ समय से डीजल चोरी की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सक्रिय डीजल-पेट्रोल चोरी गैंग को चिन्हित कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। साथ ही थाना नैनपुर क्षेत्र में सक्रिय डीजल चोरी गतिविधियों में संलिप्त 11 आरोपियों की गैंग हिस्ट्रीशीट भी खोली गई, जिन पर पुलिस द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीजल चोरी करने वाले गैंग के 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

थाना कोतवाली मंडला में राहुल सिंगौर निवासी ग्राम ब्यौहारी थाना किन्दरई जिला सिवनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह डम्फर क्रमांक MP20ZR9507 चलाता है। दिनांक 14.03.2026 को रात्रि रास्ते में रितेश ढाबा, गाजीपुर के सामने डम्फर की क्लच प्लेट खराब होने के कारण वाहन सड़क किनारे खड़ा कर सो गया। दिनांक 15.03.2026 को प्रातः लगभग 04:00 बजे उठकर देखा तो डम्फर की डीजल टंकी का ताला टूटा हुआ था तथा टंकी में रखा लगभग 64 लीटर डीजल (कीमत लगभग 6000) अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था।इसी गैंग द्वारा हिरदेनगर चौकी, थाना महाराजपुर क्षेत्र में भी डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। दिनांक 15.03.2026 को सुखचैन ठाकुर निवासी स्लिमनाबाद जिला कटनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि औघटखपरी स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रकों से डीजल चोरी कर लिया गया। जांच में पाया गया कि ट्रक क्रमांक CG-04-NCY-1904 से 80 लीटर, MP-17-HH-4380 से 150 लीटर तथा UP-20-BT-3146 से 100 लीटर, कुल 330 लीटर डीजल (कीमत 30,875) चोरी किया गया था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रामनगर तिराहा के पास जंगल क्षेत्र से तीन आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी थाना नैनपुर में खोली गई गैंग हिस्ट्रीशीट में भी शामिल पाए गए।

आरोपियों में भूपेंद्र ठाकुर पिता शेर सिंह ठाकुर, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम कुरवारी थाना घंसौर, हाल ग्रीन सिटी जबलपुर। राहुल यादव पिता समारू यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11 नैनपुर। नीरज सोनी पिता रमेश सोनी, उम्र 37 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11 नैनपुर शामिल हैं। जप्त सामग्री में आरोपी भूपेंद्र ठाकुर से टाटा कंपनी की सफेद रंग की हैरियर कार क्रमांक MP20CL 8552, 12 प्लास्टिक जरीकेन (प्रत्येक 30 लीटर) कुल लगभग 360 लीटर डीजल तथा एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन जप्त किया गया। आरोपी राहुल यादव से एक गूगल पिक्सल मोबाइल फोन तथा आरोपी नीरज सोनी से एक इंटेक्स कंपनी का की-पैड मोबाइल फोन जप्त किया गया है।पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर अन्य साथियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

## नगर महामंत्री का इस्तीफा, दिया या लिया गया?



**मण्डला।** राजनीतिक दलों में जमीनी कार्यकर्ता निष्ठा व समर्पण से अपनी पार्टी के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं। लेकिन बड़े नेताओं द्वारा समय-समय पर अपने स्वार्थों के लिए इनकी निष्ठा के साथ खिलवाड़ किया जाता है ऐसे अनेक नाम हैं जिनसे हम और आप परिचित होंगे जो अंदर ही अंदर एक दूसरे को डेमेज करने में लगे रहते हैं। ऐसे ही एक मामले की चर्चा इन दिनों जोरों से हो रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नैनपुर नगर के महामंत्री ओमप्रकाश गेमनानी द्वारा तीन माह पूर्व पद से इस्तीफा दिया था, जिसे मंजूर करने के लिए जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा नगर अध्यक्ष राकेश रजक को पत्र भी लिखा गया था लेकिन अभी तक इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है। सूत्रों की माने तो ओम प्रकाश गेमनानी द्वारा अपनी मर्जी से इस्तीफा नहीं दिया गया है अपितु कुछ स्थानीय दबंग पदाधिकारियों के दबाव बनाने पर यह इस्तीफा दिया गया है। इस मामले को लेकर चर्चा व्याप्त है कि नगर पालिका अध्यक्ष बनने की होड़ में यहां अभी से उठा पटक की जा रही है फिलहाल यह विषय उच्च पदाधिकारियों के संज्ञान में है अब देखना होगा कि इस्तीफा मंजूर होता है या गेमनानी को संगठन में बड़ा दायित्व दिया जायेगा।


**कार्यालय नगर परिषद् निवास जिला मण्डला (म०प्र०)**

क्र./न०परि०/2026/942 — निवास, दिनांक 16/03/2026

// आमत्रंण-सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् निवास द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिये दैनिक, साप्ताहिक मढई गुदरी नीलामी तथा कांजी हाउस की नीलामी किया जाना है। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23/03/2026 तक कार्यालयीन समय में अमानत राशि जमा कर खुली नीलामी प्रकिया में भाग ले सकते है।

| क्र. | नीलामी मद | नीलामी की तिथि | समय | शासकीय बोली | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दैनिक, साप्ताहिक बाजार एवं मडई-गुदरी नीलामी | 24/03/2026 दिन मंगलवार | दोपहर 02:00 बजे से नगर परिषद सभाकक्ष में। | 1320000/- | 50000/- |
| 2 | कांजी हाउस नीलामी | 24/03/2026 दिन मंगलवार | दोपहर 02:00 बजे से नगर परिषद सभाकक्ष में। | 50000/- | 5000/- |

टीपः-1 अमानत राशि जमा बाद ही नीलामी में भाग ले सकेंगे न्यूनतम 03 अमानतदार मान्य होगें। 2. नीलामी में भाग लेने वाले ठेकेदार को अपने नाम से / माता पिता एवं परिवार के सदस्यों के नाम से निकाय के समस्त कर का भुगतान कर प्रमाण-पत्र राजस्व प्रभारी से प्राप्त कर अमानत राशि जमा करेगें।

श्रीमति हेमलता परस्ते, अध्यक्ष — श्री बसंत चौधरी, उपाध्यक्ष — श्रीमति राजकुमारी सिंगरौरे, सभापति राजस्व — श्री शिवा सिंह लोधी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी

## खबर संक्षेप

### चैत्र नवरात्र महोत्सव बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान को लेकर बसेड़िया द्वारा स्थापित किये जावेंगे जवारे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** ज़ब भी कोई कार्य या अनुष्ठान निष्काम भाव व परमार्थ के लिए होता है तो निश्चित उसमें भगवान का वास होने के चलते उसमे किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होता। कुछ इसी प्रकार का उदाहरण 19 मार्च से कौडिया रोड स्थित माँ बीजासेन दरबार मे चैत्र महोत्सव मे देखने को मिलेगा। इस महोत्सव मे समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा गुरुदेव भगवत प्रसाद शास्त्री के सानिध्य मे अपने परिवारजनो के साथ जवारो एवं श्री दादा धूनी वालों की दिव्य कुटी की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा सतत कन्याओ का पूजन, भंडारा कर उन्हें पठन,लेखन, शिक्षण सामग्री वस्त्र श्रंगार आदि भेंट किये जावेगे। बताया जाता है कि बसेडिया ने आयोजन से जुडी जानकारी देते हुए बताया कि 19 मार्च को चैत्र प्रतिपदा, बैठकी एवं जवारे स्थापना, चैत्र शुक्ल पंचमी को चंदेवा समर्पण, महाखीर भोग, महाष्टमी को महानिशा पूजन, हवन, कन्या भंडारा एवं नवमी को जवारे विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा। वही प्रतिदिन हवन शाम 7 बजे एवं महाआरती रात 8 बजे होंगी। ज्ञात हो कि यह जवारे बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान को समर्पित रहेंगे।

### नर्मदाजी के निर्मल नीर में मिल रहा गंदी नाली का पानी लोगों की भावना को पहुंच रही ठेस

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** क्षेत्र की जीवनरेखा माँ नर्मदाजी की शुद्व करने के लिये आये दिन मुहिम तो चलाई जाती है, मगर वह मात्र चंद दिनों तक अखबारों की सुर्खिया बनने के बाद सच्चाई को जिस प्रकार से भुला दिया जाता है उसके चलते निश्चित तौर से माँ नर्मदाजी में गंदगी फैलाने वालों के हौसले बुलंद होने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ झिकोली घाट में देखने मिल रही है जहां पर माँ नर्मदाजी के निर्मल नीर में गंदी नाली का पानी मिलते हुये देखे लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से नही चूक पा रही है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत झिकोली की अनदेखी के चलते ग्राम की नालियों से निकलने वाली संपूर्ण गंदा पानी सीधे माँ नर्मदाजी में पहुंच रहा है, जिससे नर्मदाजी के घाट पर गंदगी फैल रही है, वही दूसरी ओर चल रहे धार्मिक मास के चलते प्रतिदिन नर्मदा तट पर भक्तों की भीड़ उमड़ने के दौरान इस प्रकार से नालियों का गंदा पानी नर्मदाजी के निर्मल नीर में मिलते हुये देख लोगों में आक्रोश पैदा होने से भी नही चूक पा रहा है। इस बात को लेकर माँ नर्मदा भक्तों द्वारा ग्राम पंचायत झिकोली सहित क्षेत्र के अधिकारियों से गुहार लगाते हुये मांग की गई है कि ग्राम झिकोली से निकलने वाले इस गंदे पानी को माँ नर्मदाजी में जाने से तुरंत रोक लगाई जावे।

### नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज/नांदनेर।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है। मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के साथ साथ सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सुविधाएं तो गांव में उपलब्ध है, मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# ब्राण्डेड कंपनी के मिलते जुलते नकली सामग्री की बाजारों में देखने मिल रही बाढ़ से आमजन की जिन्दगी को बन रहा खतरा, विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर आमजन को जागरूक करने किये शासन प्रशासन की ओर से नहीं देखने मिली कोई पहल...?









हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। उपभोक्ताओं के लिये सरकार द्वारा जिस प्रकार से अधिकार दिये गये है यदि उनका उन्हें सही ज्ञान हो जावे तो निश्चित ही सारी दुनियाँ में रामराज कायम होने में देर नही लगेगी। मगर उपभोक्ताओं को मिले हुये उनके अधिकारी की जानकारी न होने के कारण जहां वह खुलेआम बाजारों में शोषण का शिकार होते रहते है और शासन द्वारा बनाये जाने वाले मुख्य दिवस मात्र कलेण्डरों के पन्नों में प्रकाशित होकर घरों की दीवारों से लटके हुये दिखाई देने तक सीमित हो चुके है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये 15 मार्च को देखने मिली जब उपभोक्ताओं का प्रमुख दिवस विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस के मौके पर आमजन को जागरूक करने के लिये शासन प्रशासन की ओर से कोई कोई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होते हुये दिखाई दिया हो...? और न ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस तरह के आयोजन कराने के प्रति कोई रूचि दिखाई गई जिसके चलते उपभोक्ता सभी अधिकारों से संपन्न होने के बाद भी बाजारों में लूटने के लिये मजबूर हो रहा है तथा मिलावटी धंधों का बोल बाला होने के कारण अपनी जिन्दगी को खतरे में डालते चला जा रहा है..? यह बात अलग है कि बीते हुये कुछ वर्ष पहले प्रदेश की सरकार द्वारा शुद्व के लिये युद्व की मुहिम चलाते हुये जिस प्रकार से जनता के स्वास्थ्य के प्रति अपनी सजकता दिखाई गई थी उससे निश्चित मिलावट खोरों में दहशत दिखाई देने लगी थी। मगर यह मुहिम मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात ही साबित होकर रह गई है। इसी चलते खुलेआम बाजारों में जहां मिलावटी धंधे का बोलबाला हावी हो चुका है तो दूसरी ओर उपभोक्ता अपने अधिकारी से अनजान होकर बाजार में लूटने के लिये मजबूर बन चुका है? बताया जाता है कि मार्केट में इन दिनों डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो की मांग खासी बढ़ गई है। क्योंकि खुले समाान में शुद्धता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़नें वाले प्रभाव के चलते लोग पैक आईटम की ओर आकर्षित होने से नही चुक पा रहे है, जिसके चलते बाजार में नामी गिरामी कंपाानियों की विभिन्न वैरायटी के प्रोडक्ट आ रहे है जो बच्चों से लेकर बड़ो तक की पसंद बन गए है। सच्चाई पर गौर किया जावे तो बाजार में नामी कंपनियों से मिलते जुलते ब्रांडों की भी बाढ आई हुई है और यह सेहत पर विपरित असर डालने से नही चूकते है। इस बारे में न तो दुकानदार जान रहा है और न ही खाद विभाग को इतनी फुर्सत है कि इनकी जांच करें? बस दुकानदार तो कमीशन अधिक होने के फेरे में इन्हे बेचने में रूचि दिखाते हुए दिखाई दे रहे है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में दिखाई देने लगी है? अक्सर देखा जाता है कि बिना आई एस आई मार्क के भी प्रोडक्ट मार्केट में खुलेआम बेचे जा रहे है जो हानि कारक बताये जाते है? वही इन प्रोडेक्टों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई देखी जाती है जिनमें न तो निर्माण तिथि दिखाई देते है और न ही उनके समाप्त होने की तिथि का किसी भी प्रकार से कोई उल्लेख जान पड़ता है। मगर ग्राहकों की जागारूकता के अभाव के चलते एवं दुकानदार लालच के चक्कर में असली की सूरत में नकली कंपानियों के समान बेचते हुए आसानी से दिखाई देते हुए जान पड़ रहे है? एक्सपायरी डेट का उल्लेख नही- यदि सामग्री पर गौर किया जावे तो कई वस्तुओं पर तो इसके निर्माण की तिथि तक नहीं लिखी रहती और कई जगह एक्सपायरी डेट का समान बिकते हुए भी देखा जाता है..? इन उत्पादों को शहर की गलियों सहित गांव गांव में बेचा जा रहा है। शहर सहित आस पास के कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में लाखों का कारोबार होता है। वही अच्छी कंपानियों का कमीशन कम है और दुकानदारों की मांग के अनुरूप इसकी पूर्ति नहीं होती है। इस कारण बाजार में इन नामों से मिलते जुलते प्रोडक्ट की बाढ़ देखने मिल रही है? वही दूसरी ओर यदि प्रशासन की सक्रियता पर गौर किया जावे तो इनके द्वारा कभी कभार ही इस प्रकार की दुकानों का निरीक्षण करने के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाते हुये मिलावट खोरों को पूर्ण संरक्षण देने की मुद्रा में नजर आने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर शासन के नियम अनुसार कोई भी व्यक्ति यदि किसी दुकान या संस्था से 10 रूपया से अधिक की सामग्री खरीदता है तो दुकानदार को उस सामग्री का पक्का बिल देना होता है, जिसके चलते कुछ मात्रा में उपभोक्ता से टैक्स लिया जाता है और उससे अधिक दुकानदार को भी टैक्स भरना पड़ता है। मगर उपभोक्ता अपने चंद पैसों को बचाने के लिये दुकानदारों से पक्के बिल नही लेते है जिसके कारण जहां दुकानदार शासन को मिलने वाला टैक्स पूर्णरूप से हजम कर जाता है। मगर दूसरी ओर विक्रय किये गये माल की भी कोई गारंटी नही होती है। यदि उपभोक्ता दुकानदार से हर सामग्री का पक्का बिल मांगने लगे तो निश्चित ही नकली माल विक्रय होना बंद हो जावेगा। क्योंकि कोई भी दुकानदार नकली माल को पक्के बिल के आधार पर विक्रय करने की हिम्मत नही कर सकता है। इस स्थिति में यदि किसी दुकानदार द्वारा नकली माल विक्रय किया गया है तो उपभोक्ता उस बिल के आधार पर कार्यवाही कराने का अधिकारी होता है। मगर उपभोक्ताओं को इन सभी प्रकार के अधिकारों की जानकारी न होने के कारण वह चुपचाप बाजार में लूटने के लिये बेवश होकर रह गया है। इस संबंध में क्षेत्र के कृषक सुधीर कौरव का कहना है कि यह बात सत्य है कि सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के लिये अधिकार तो दिये गये है। मगर उनकी जानकारी से अवगत कराने के लिये किसी भी प्रकार से कोई कार्यक्रम नही किये जाते है इसलिये उपभोक्ता अपने अधिकारों की जानकारी से बंचित है। इसी तरह नगर के युवा बिन्नू ठाकुर का कहना है कि जिस प्रकार से शासन प्रशासन द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिये अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। उसी तरह उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति के जागरूक करने के लिये मुहिम चलाना चाहिये। वही सांईखेड़ा निवासी दीपक अग्रवाल का कहना है कि उपभोक्ता उसके हो रहे शोषण को लेकर लड़ाई तो लड़ना चाहता है। मगर उसे जानकारी नही रहती है कि आखिर वह शिकायत किसके पास करे। वही ग्राम भौरझिर निवासी तुलसीराम राठौर का मानना है कि जिस तरह सरकार द्वारा अपनी योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिये शिविर लगाते हुये जागरूकता अभियान चलाया जाता है उसी प्रकार से उपभोक्ताओं को भी उनके अधिकारो के प्रति जागरूक कराने के लिये मुहिम चलाना चाहिये।




## साहू समाज द्वारा आयोजित माँ जयंती समारोह में शामिल हुये शिक्षा मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

साहू समाज द्वारा रविवार को आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी की जयंती बडे ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर के मुख्य मार्गो और अन्य स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे आयोजित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, शिक्षा और कर्मा देवी के आदर्शों का प्रसार करना था।*उद्देश्य* माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित करना और उनकी संस्कृति को बढ़ावा देना। धार्मिक महत्वः माता कर्मा को साहू समाज की आराध्य देवी माना जाता है, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी का भोग लगाया था। सुखदेव भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जयंती मनाई गई। यह पर्व सामाजिक भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बना। साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि कर्मा देवी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्माबाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। इनका जन्मः- संवत 1073 सन 101 7ई0 में पाप मोचनी एकादशी पर हुआ था। मां कर्मा जयंती हम सभी ने हर्षोल्लास से मनाई सुबह से ही सामाजिक बंधुओं का उत्साह देखते ही बनता था।दीप प्रज्वलन एवं पूजन आरती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - क्षेत्र के विधायक राव उदयप्रताप सिंह स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री, म.प्र.शासन द्वारा किया गया। वही विशिष्ट अतिथि- नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा पूर्व विधायक श्रीमती साधना जी स्थापक, नरेश जी पाठक, श्रीमती सुनीता पटैल, मिनेन्द्र जी डागा मौजूद रहे। सर्व प्रथम साहू समाज के बंधुओं द्वारा प्रातः 9 बजे से वाहन रैली- साहू युवा संगठन द्वारा प्रातः10 बजे (झण्डा चौक से सुखदेव भवन तक) माँ कर्मा देवी खिचड़ी वितरण-साहू युवा संगठन द्वारा एवं सायं 4 बजे हृदय स्थल झण्डा चौक पर मुख्य पूजन, हवन, आरती- का आयोजन किया गया उसके पश्चात सुखदेव भवन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन- सायं 7 बजे से। भोजन प्रसादीः रात्रि 8 बजे युवक-युवती परिचय का कार्यक्रम आयोजित हुये। वही नगर के हृदय स्थल झंडा चौक पर मां कर्मा देवी के तैल चित्र माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई शाम 6:00 बजे हवन पूजन प्रसादी का कार्यक्रम सुखदेव भवन मैं संपन्न हुआ। साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवी समाज अध्यक्ष गेंदालाल साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, सचिव रमेश साहू, समाज भवन के लिए अपनी मांग रखीं। राव उदय प्रताप सिंह ने द्वारा मंगळ भवन हेतु15 लाख की घोषणा की गई।

## महाशिव पुराण का समापन होगा आज, माता पिता के चरणों में ही समस्त ब्रह्माण्ड का होता है वास: हेमंत कृष्ण दीक्षित




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समीपस्थ ग्राम आमपुरा (सांगई ) के शक्ति दरबार में संगीतमय श्री महाशिवपुराण कथा के आयोजन में प्रतिदिन लोगों की भीड़ उमड़ते हुये देखने मिल रही है। आयोजन के 6 वे दिवस सोमवार को कथा वाचक हेमंत कृष्ण दीक्षित ने कहा कि शिवपुराण में आज की कथा मुख्य कथा भगवान कार्तिकेय के जन्म, तारकासुर वध और भगवान गणेश के विवाह पर आधारित है। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता पार्वती और भगवान शिव के तेज से कार्तिकेय का जन्म हुआ। उन्हें 'षडानन' भी कहा जाता है । क्योंकि उनका पालन-पोषण छह कृतिकाओं ने किया था। कार्तिकेय का जन्म एक विशेष उद्देश्य के लिए हुआ था—अधर्म का विनाश। असुर तारकासुर ने ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त किया था कि उसका वध केवल शिव के पुत्र के हाथों ही हो सकता है। कार्तिकेय ने देवताओं की सेना का नेतृत्व किया।भीषण युद्ध के बाद कार्तिकेय ने अपने अमोघ अस्त्र 'शक्ति' से तारका सुर का अंत किया, जिससे देवताओं को उसके आतंक से मुक्ति मिली। महाराज जी ने कहा कि शिव-पार्वती ने अपने दोनों पुत्रों की बुद्धिमानी की परीक्षा लेने के लिए उन्हें पूरी पृथ्वी की परिक्रमा करने को कहा और जो पहले लौटेगा, उसका विवाह पहले होगा। कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर सवार होकर पृथ्वी की परिक्रमा करने निकल गए। गणेश जी ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि का परिचय देते हुए अपने माता-पिता (शिव-शक्ति) के चारों ओर सात परिक्रमाएँ कीं क्योंकि शास्त्रों के अनुसार माता-पिता के चरणों में ही समस्त ब्रह्मांड का वास है। गणेश जी की बुद्धिमानी से प्रसन्न होकर उनका विवाह प्रजापति विश्वरूप की पुत्रियों रिद्धि और सिद्धि से हुआ। रिद्धि से 'शुभ' और सिद्धि से 'लाभ' नामक दो पुत्र हुए। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि शक्ति से अधिक 'बुद्धि' और 'भक्ति' का महत्व होता है। छठे दिन की कथा हमें सिखाती है कि यदि हम अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं और अपनी बुद्धि का सही दिशा में प्रयोग करते हैं, तो संसार की हर बाधा को पार किया जा सकता है। आज अंतिम दिन मंगलवार को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ कथा का समापन होगा।

# ट्रेनों के अभाव में जान जोखिम में यात्रा करने के लिए मजबूर सालीचौका क्षेत्रवासी



हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।

जब देश की लोकसभा से लेकर प्रदेश की विधानसभा का गठन होता है तो इस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने वाले हर जन प्रतिनिधि को सालीचौका क्षेत्र की जनता का जिस प्रकार से सहयोग प्रदान होता है उसमें उसे दिल्ली से लेकर प्रदेश की राजधानी में एक कुर्सी पर बैठने में अहिम भूमिका होती है। मगर अक्सर देखा जाता है कि दिल्ली की कुर्सी हो या फिर भोपाल की कुर्सी उस पर बैठने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को इस प्रकार से भुला देते है जिसका परिणाम क्षेत्र की जनता को लगातार भुगताने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो कुछ समस्याओं का हल कराने की दम प्रदेश की राजधानी में अपना प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं के हाथ में होता है और कुछ समस्याओं को हल कराने की शक्ति देश की राजधानी में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं के पास होती है। मगर उनके द्वारा समस्याओं को हल कराने का वादा चुनाव के दौरान तो खूब किया जाता है। मगर चुनाव के बाद उन्हें भूलकर वह देश की राजधानी की चौकाचोंध में इस प्रकार से मग्न हो जाते है कि उन्हें क्षेत्रवासियों की समस्याओं की याद ही नही आती है? कुछ इसी प्रकार की समस्या से इस समय सालीचौकावासी जूझते हुए देखे जा रहे है जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो सालीचौका व क्षेत्र से जुडे हुए लगभग 25 से 30 गांव के लोगों को सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर किसी बड़ी ट्रेन का स्टाप न मिल पाना निश्चित ही क्षेत्र के उन नेताओं की उदासीनता को उजागर करते हुए दिखाई दे रहा है जिन्हें देश की राजधानी की सैर कराने में इस क्षेत्र के लोगों का भी योगदान रहा है? क्योंकि इस समय गौर किया जावे तो सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर मात्र इस प्रकार की चंद ट्रेनों का स्टाप है जिनके माध्यम से उन्हें यात्रा करने के लिए मजबूर होकर रहना पड़ रहा है। यदि किसी व्यक्ति को नागपुर या अन्य जगहों पर जाने की जरूरत पड़ती है तो उन्हें बड़ी ट्रेन को पकड़ने के लिए गाडरवारा या पिपरिया जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस प्रकार से मात्र चंद ट्रेनों का स्टाप होने की स्थिति में शादी सीजन हो या फिर अन्य कोई सीजन उस समय क्षेत्र के लोगों को ट्रेनों में यात्रा करना पूर्णरूप से जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा सकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है जिसके चलते चल रहे ट्रेनों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उनमें चल रही भीड़ के दौरान लोगों को ट्रेन के डिब्बों में प्रवेश करना भी मुश्किल दिखाई दे रहा है। इस स्थिति में रेल यात्रियों को मजबूरी बस अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के डिब्बों से लूमकर यात्रा करते हुए देखा जा रहा है। इस सच्चाई को देखकर उन महिला रेलयात्रियों की स्थिति और गंभीर होती है जो इस प्रकार से भीड़ के बीच रेल के डिब्बे के अंदर प्रवेश करने में ही अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझने के लिए मजबूर हो जाती है, इस सच्चाई को देखकर यदि यहां पर अन्य ट्रेनों के स्टाप होना शुरू हो जाता है तो निश्चित इस प्रकार की परेशानियों से निजात मिल सकती है।

## सड़क पर जब इनका राज स्थापित रहेगा तो वाहन चालक क्या आसमान में दौड़ायेंगे अपने वाहन...

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।



जहां एक ओर नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे चलते हुए देखी जा रही है, वही दूसरी ओर आवार जानवरों के शहर भर में विचरण करने से भी यातायात काफी हद तक प्रभावित होते हुए देखी जा रही है। इस सच्चाई को स्थानीय अखबारो द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी कोई पहल न होना निश्चित ही चिंताजनक सच्चाई सामने आ रही है? जबकि गौर किया जावे तो नगर के लोगों द्वारा लम्बे अरसे से हस प्रकार आवारा घुमने वाले पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये गुहार लगायी जाती रही है मगर इस ओर नपा प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम हे कि आवारा जानवर सड़को पर मस्ती के मूढ में आते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक रहे है। जबकि लोगों की मांग है कि इन आवारा जानवरों को पकड़ने की व्यवस्था कर उत्पाती पशुओं को कांजी हौस में बन्द कर पशु पालकों को सबक सिखाये, मगर इसके बाद भी नपा प्रशासन द्वारा नगर में स्वच्छंद घूमने वाले जानवरों को नियंत्रण मे रखने के संबंध में कोई पहन न करना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये जान पड़ने से नही चूक पा रहा है। जिसके चलते वर्तमान में देखा जावे तो नगर के स्टैट स्तर के हाइवे मेन बाजार सहित जनपद कार्यालय व बच्चों के स्कूलों के आसपास दिन रात आवार जानवर आतंक मचाते नजर आ ही रहे है। इसके अलावा रात के समय में नगर की शालाओं के परिसरों, थाना प्रांगण, शासकीय कार्यालयों के घेरों में भी घरों से बेदखल जानवरों का जमावड़ा दिखायी पड़ने से नही चूक पा रहा है। नगर की मुख्य सड़क से लेकर कालोनियों की सड़को पर घूमने वाले इन पशुओं में आपसी लड़ाई का नजारा तो इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह घंटो तक नगर की सड़को पर जाम की स्थिति निर्मित करने से नही चूकते है, जिसके चलते नगर की सड़को से निकलने वाले वाहन चालक असुरक्षित हो जाते है। क्योंकि इस प्रकार से मुख्य मार्गो पर मटर गस्ती के रूप में भ्रमण करने वाले पशुओं के कारण आये दिन स्कूली छात्र छात्राओं सहितत आम लोगों को घायल होते हुए देखा जाता है, इसी के चलते नपा प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि वह अवारा जानवरों को चिन्हित कराये तथा उन्हे उन बेरहम पशु पालकों के हवाले करे जो दूध देने वाली गाय के गले मे तो घंटी बॉध उसकी पूजा करते है पर जैसे ही उसने दूध देना बन्द किया निर्मम ढंग से उसे आवारा जानवरों की जमात मे शामिल कर देते है।

## पंचायतों के विकास कार्यों के नाम शासन को लग रहा चूना, अधिकारियों को मिल रहा प्रभावशाली वरिष्ठों का संरक्षण?

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** जिस प्रकार से सरकार द्वारा गांवों की सूरत बदलने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करके इसकी सफलता के लगातार प्रयास तो किये जा रहे है, मगर पंचायतों का विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित होते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि बीते हुयें पंचायतों के कार्यकाल से लेकर अब नये पंचायतों के डेढ़ साल की कार्यकाल की सच्चाई पर देखा जावे तो योजनाये मात्र कागजों पर सीमित देखने मिल रही है? जब ग्रामीण अंचलों की की ओर रूख किया जाता हो तो पंचायती राज के विकास कार्यो को पोल अपने आप की खुलते हुए दिखाई देने लगती है? क्योंकि पंचातयों में हुये विकास कार्य उसी सरपंच के कार्यकाल को पूरा नही हो पाने के पहले ही अपने गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए टूटते हुये दिखाई देने से नही चूकते है? यदि पंचायतों में शासन द्वारा विकास के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायत जहां धन राशि के आभाव से जूझ रही है तो अनेक पंचायत इस प्रकार की भी देखी जा रहा है जिनमें में प्रभावशाली वरिष्ठ अधिकारियों की कृपा दृष्टि होने के चलते उन पंचायतों को अनाप शनाप राशि आवंटित हो जाती है और पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उस राशि से जिस प्रकार का विकास किया जाता है उस विकास कार्य की उम्र सिर्फ पत्थरों में नाम लिखे जाने तक ही बनी हुई दिखाई देते हुए देखी जा रही है? इतना रही नही जिन पंचायतों को मनमानी धनराशि प्राप्त हो जाती है है उनके अधिकांश पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजनों, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपकृत करने का ही काम किया जिसके चलते पंचायत का विकास कम और पंचायत प्रतिनिधियों का विकास होते हुए ज्यादा दिखाई दे रहा है, इस प्रकार की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचातयों द्वारा जिस प्रकार से पूर्व के समय में तालाब सड़के आदि बनवाने कार्य किया गया है उन कार्यों में सिर्फ शासन की राशि बर्बाद होने के नजारे ही दिखाई पड़ रहे है?



## खबर संक्षेप



### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां समाजजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता

**शहपुरा** - डिंडोरी जिले के शहपुरा बिलगांव सारसडोली सहित आसपास के कई क्षेत्रों में साहू समाज द्वारा शिरोमणि मां कर्मा जयंती बड़े ही श्रद्धा उत्साह एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां कर्मा से क्षेत्र की खुशहाली समृद्धि एवं सामाजिक एकता की कामना की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का मुख्य आकर्षण रहे। नन्हे कलाकारों ने लोकनृत्य देशभक्ति गीत नाटक एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया जिससे पूरा माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा।समाज के वरिष्ठजनों एवं वक्ताओं ने मां कर्मा के आदर्शों और उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा पर प्रकाश डालते हुए समाज में शिक्षा, संस्कार और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम में महिलाओं की भी उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन युवा एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव और आनंद का वातावरण बना रहा।

### प्रशासन की नई पहल आदेश की प्रति और अद्यतन खसरा घर पहुंचाया जा रहा



**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीएम रामबाबू देवांगन के निर्देशन में अनुभाग बजाग में प्रशासन द्वारा एक नवीन पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत नामांतरण बटवारा सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों में आदेश पारित होने के बाद उसकी प्रति तथा अद्यतन खसरा की प्रति संबंधित पक्षकारों के घर जाकर उपलब्ध कराई जा रही है प्रशासन की इस व्यवस्था से आम नागरिकों को कार्यालयों के बार बार चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और उन्हें अपने प्रकरणों से संबंधित दस्तावेज सीधे घर पर प्राप्त हो रहे हैं। इससे समय की बचत के साथ ही राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता भी बढ़ी है।अनुभाग बजाग में शुरू की गई इस पहल की आम जनता द्वारा सराहना की जा रही है तथा इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। बिलगांव व सारसडोली सहित कई स्थानों पर साहू समाज ने हर्षोल्लास से मनाई मां कर्मा जयंती

### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने हेतु लगाई गई मजिस्ट्रीरियल ड्यूटी

**उमरिया।** प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी 21 मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी तथा 20 मार्च को चौती चांद एवं 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व मनाया जाना है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, कार्यपालिक दंडाधिकारी की मजिस्ट्रीरियल ड्यूटी लगाई है। कार्यपालिक दंडाधिकारी, कर्मचारी पर्व के दौरान अपने अपने ड्यूटी स्थल पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर को समय समय पर अवगत कराएंगे।

### 18 मार्च से खंड स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर

**उमरिया।** पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्व यन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया गया है।

# जल संरचनाओं की खुले गेट की सूचना देने वाले नागरिक होंगे पुरस्कृत, समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने किया ऐलान

डिंडौरी न्यूज

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पंकज जैन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, डिप्टी कलेक्टर श्री अक्षय डिगरसे, एलडीएम श्री रविशंकर सिंह, उप पंजीयक श्री राजीव कुमार परिहार, समस्त सीईओ जनपद पंचायत, समस्त तहसीलदार, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव, लोक निर्माण विभाग (भवन) श्री पारस सिंह, खनिज अधिकारी श्री अशोक नागले, प्रबंधक ई-गर्वनेंस श्री दीपक साहू, स्वच्छता प्रभारी सुश्री संगीता सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि 19 मार्च 2026 को सूर्य उपासना दिवस नर्मदा घाट पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर , सहायक नोडल अधिकारी जनपद पंचायत डिंडौरी एवं नगर परिषद विभाग के विशेष सहयोग से सफलपूर्वक आयोजन किया जाए। वहीं पर जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम शुभारंभ कर नर्मदा नदी की सफाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को सख्त निर्देश दिए कि विद्यालय में पाठ्य पुस्तक सामग्री समय पर छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जाए, लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को पोषण पुर्नवास केन्द्र में चिन्हित कर कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को भर्ती कर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं और उनकी नियमित रूप से देखभाल की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 20 अप्रैल 2026 को करंजिया/बजाग, 28 अप्रैल 2026 को डिंडौरी, 7 मई 2026 को शहपुरा तथा 14 मई 2026 को अमरपुर/समनापुर में आयोजित किए जाने की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 19 मार्च से होने जा रहा है जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय अभियान के कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर जिले के समस्त विकासखंडों में आयोजित किए जाएं जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए और लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रमों में उनके समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही साथ कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि जिले के विकासखंड स्तर पर आयोजित दिव्यांगजन शिविर में पात्र दिव्यांगजनों को पूर्ण कार्यवाही करते हुए उनके आधार कार्ड, समग्र आईडी, पेंशन, ईकेवायसी, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए जाएं ताकि शासन की योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के बीएमओ, सीएचओ, स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र की टीम के द्वारा स्कूलों में जाकर एवं शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण कर टीके लगाए जाएं ताकि शासन की योजना लाभ मिल सके।



### जल संरचनाओं की खुले गेट की सूचना देने वाले नागरिक होगें पुरस्कृत

कलेक्टर ने कहा कि जिले के नदी नाले, जलाशय, स्टॉप डेम पर पानी रोकने के उद्देश्य से गेट लगाए गए हैं फिर भी जिस स्टॉप डेम एवं नदी नाले पर पानी रोकने के उपाय नहीं किए हैं उनकी जानकारी आम जनता से अपील की गई है कि जो आम जनता खुले गेट की जानकारी देगा उसे जिला प्रशासन द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा। इसलिए कलेक्टर ने अपील की है कि जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि स्टाप डेम के गेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। साथ ही साथ कलेक्टर ने कृषि विभाग अधिकारियों को जिले के अधिक से अधिक किसानों को पोर्टल पर पंजीयन करने के निर्देश दिए जिससे उन्हें शासन की योजना का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में न्यायालयीन प्रकरण, समग्र आईडी, ई-केवाईसी, सीपी ग्राम, पीएम जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूलों में शौचालयों की साफ-सफाई, नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, नक्शा तरमीम, फौती नामांतरण, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूर्ण करने एवं कार्यों में प्रगति लाने के समस्त तहसीलदार, एसडीएम को निर्देश दिए।

## बरसिंघा में सीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

अमरपुर।

जनपद पंचायत अमरपुर की ग्राम पंचायत बरसिंघा द्वारा बरसिंघा रैयत में भगवान सिंह के घर से शिव के घर तक सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का निर्माण अत्यंत निम्न स्तर का किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार नवनिर्मित सड़क के किनारे पैर रखते ही सीमेंट कांक्रीट भरभराकर टूटने लगा है। सड़क के अंदर बड़े बड़े पत्थर दिखाई दे रहे हैं जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में सीमेंट की मात्रा बहुत कम डाली गई है। इसके साथ ही सड़क निर्माण के दौरान पानी की तराई नहीं की गई और न ही वायब्रेटर का उपयोग किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्ताहीन है और इसे जनहित के बजाय अपने हित को ध्यान में रखकर किया गया प्रतीत होता है। निर्माण स्थल पर कार्य से संबंधित कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है जिससे निर्माण की लागत मद तथा सड़क की लंबाई की जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी। जब इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव सूरज सिंह सैयाम से जानकारी ली गई तो उन्होंने पहले सड़क निर्माण की लागत 4 लाख 64 हजार रुपए बताई लेकिन कार्य की मद और सड़क की लंबाई के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके।



### इनका कहना है,,,

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है। सहायक यंत्री या उपयंत्री को भेजकर निर्माण कार्य की जांच करवाई जाएगी।

**लोकेश नारनौरे(मुख्य कार्यपालन अधिकारी)**

## TET अनिवार्यता के खिलाफ कांग्रेस कमेटी का ज्ञापन, वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के भविष्य को लेकर जताई चिंता

### मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन अनुभवी शिक्षकों को राहत देने की उठाई मांग

**शहपुरा** - मध्य प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में वर्षों से कार्यरत शिक्षकों पर TET (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) की अनिवार्यता लागू किए जाने के मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन शहपुरा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से प्रेषित किया गया।ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को पिछले 25-30 वर्षों में सुदृढ़ बनाने में हजारों शिक्षकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन शिक्षकों की नियुक्ति तत्कालीन सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत की गई थी, जिसके चलते उन्होंने लंबे समय तक निष्ठा और अनुभव के साथ अपनी सेवाएं दी हैं।कांग्रेस कमेटी ने कहा कि इतने वर्षों तक सेवा देने वाले शिक्षकों के अनुभव को नजरअंदाज कर अब TET जैसी पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता लागू करना उनके साथ न्यायसंगत नहीं है। इससे शिक्षकों में असुरक्षा और मानसिक तनाव का वातावरण बन रहा है, जो शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को राहत प्रदान की जाए तथा सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने पर भी विचार किया जाए, ताकि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।




## 130 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, 9 लाख से ज्यादा का माल जब्त

**डिंडौरी न्यूज ।** जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली डिंडौरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक वैगनआर कार से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में करीब 9.04 लाख रुपये मूल्य की शराब और वाहन जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक डिंडौरी श्रीमति वाहनी सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा तथा एसडीओपी डिंडौरी सतीष द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15 और 16 मार्च की मध्य रात्रि को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की वैगनआर कार (क्रमांक **MP** 20 **ZC** 7868) में एक व्यक्ति मंडला की ओर से भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर डिंडौरी आ रहा है।सूचना के आधार पर थाना प्रभारी कोतवाली ने पुलिस टीम के साथ गैस गोदाम के पास स्टॉपर लगाकर नाकाबंदी की। इस दौरान तेज गति से आ रही कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने स्टॉपर को टक्कर मारते हुए वाहन को तेज गति से अमरकंटक रोड की ओर भगा दिया। पुलिस टीम ने तत्काल पीछा किया। पीछा करने के दौरान आरोपी ने ग्राम कूड़ा के पास गोमती नदी पुल से पहले भर्रा में वाहन छुपा दिया, लेकिन पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय अग्रवाल (52 वर्ष) पिता शंकर अग्रवाल, निवासी शारदा बिहार कटंगी रोड करमेता, थाना माढ़ोताल जिला जबलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 पेटी अंग्रेजी शराब (करीब 130 लीटर 320 एमएल) बरामद की, जिसकी कीमत 1,04,320 रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की वैगनआर कार (कीमत करीब 8 लाख रुपये) भी जब्त की गई। इस तरह कुल 9,04,320 रुपये मूल्य का माल जब्त किया गया है। पुलिस आरोपी से अवैध शराब के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।



### कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे, उपनिरीक्षक भूपेंद्र पाठक, सहायक उपनिरीक्षक केशलाल मरावी, अखिलेश श्रीवास, प्रधान आरक्षक आदित्य शुक्ला, देवेन्द्र पटले, भूपेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह ठाकुर तथा आरक्षक श्याम तिवारी, सतेन्द्र डहरिया, हेमंत झारिया, विशाल पटेल, विनोद माहोर, कैलाश द्विवेदी और मनोज कुंजाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अमरपुर में संकल्प से समाधान शिविर आयोजित 1684 हितग्राही लाभान्वित

**डिंडौरी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक शीघ्र पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत अमरपुर के तहसील परिसर अमरपुर में संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष हन्नू सिंह पट्टा जनपद सदस्य पुष्पराज तेकाम रामकिशोर ठाकुर क्रांति धुर्वे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी दिव्याशु चौधरी तहसीलदार अमरपुर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश नारनौरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।**



शिविर में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विकासखंड अमरपुर के विभिन्न विभागों से प्राप्त तथा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा फौती नामांतरण बटवारा एवं सीमांकन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अनुग्रह सहायता के तहत सामान्य मृत्यु के 14 हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपये तथा दुर्घटना से मृत्यु के 2 हितग्राहियों को 4-4 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।इसी प्रकार सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 157 हितग्राहियों को प्रतिमाह 600 रुपये पेंशन की स्वीकृति दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के 5 हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत कुल 1684 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हितग्राहियों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

## आदिवासी गांवों में बाइक व फोर व्हीलर से शराब सप्लाई का आरोप, कांग्रेस नेता ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

**जिले के 364 पंचायतों में आसानी से उपलब्ध करा रहे अवैध शराब, कलेक्टर से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग**

**डिंडौरी न्यूज ।** जिले की ग्राम पंचायतों में अवैध रूप से शराब पहुंचाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अमर सिंह मार्को ने कलेक्टर को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि जिले की 364 ग्राम पंचायतों में शराब ठेकेदारों द्वारा फोर व्हीलर और मोटरसाइकिल के माध्यम से गांव-गांव शराब की सप्लाई की जा रही है, जिससे आदिवासी क्षेत्रों में नशे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। कलेक्टर को भेजे गए पत्र में उन्होंने बताया कि डिंडोरी जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां अधिकांश आबादी अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग की है। आरोप है कि ग्राम सभाओं की आपत्ति के बाद भी शराब की पेटियां गांवों तक पहुंचाई जा रही हैं। इससे ग्रामीणों में नशे की लत बढ़ रही है और परिवारों का सामाजिक व आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर शराब पीकर लोग जुआ और सट्टा जैसी गतिविधियों में भी शामिल हो रहे हैं, जिससे परिवारों पर आर्थिक संकट बढ़ रहा है। नशे की हालत में लोग अपने घरों के जेवर और सामान तक बेचने को मजबूर हो रहे हैं। अमर सिंह मार्को ने आरोप लगाया कि पंचायत स्तर पर खुलेआम शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया है कि जब गांवों में खुलेआम नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं तो संबंधित अधिकारी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। पत्र के माध्यम से उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि जिले के आदिवासी गांवों में हो रही शराब की अवैध सप्लाई की जांच कर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती नशे की समस्या पर नियंत्रण किया जा सके।



## कृषक कल्याण वर्ष में सूरजमुखी की खेती की ओर बढ़ रहे किसान

**डिंडौरी ।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 एवं प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के प्रयासों से जिले में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। अब किसान पारंपरिक खाद्यान्न फसलों के साथ-साथ तिलहन फसलों की खेती की ओर भी प्रेरित हो रहे हैं। इसी क्रम में समनापुर विकासखंड के ग्राम गौराकन्हारी के कृषक तिलाराम ने गेहूं की फसल के साथ लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में सूरजमुखी की खेती की है। वहीं ग्राम सिंघनपुर के कृषक प्रेम सिंह ने भी गेहूं के साथ तिलहन फसल के रूप में सूरजमुखी लगाई है। इसी प्रकार ग्राम की कृषक श्रीमती मतिया बाई द्वारा भी लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में सूरजमुखी की खेती की गई है। कृषकों के अनुसार सूरजमुखी की फसल कम सिंचाई और अपेक्षाकृत कम लागत में अच्छी आय देने वाली फसल है। वर्तमान में सूरजमुखी तेल का बाजार मूल्य लगभग 130 से 180 रुपये प्रति किलोग्राम तथा सूरजमुखी बीज का मूल्य गुणवत्ता के आधार पर लगभग 90 से 650 रुपये प्रति किलोग्राम तक मिल रहा है। किसानों ने बताया कि सूरजमुखी का तेल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है, विशेष रूप से हृदय रोगियों के लिए उपयोगी माना जाता है। इसके उत्पादन से अब उन्हें खाद्य तेल के लिए बाजार पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।



कृषकों ने यह भी बताया कि वे सूरजमुखी के बीज को सुरक्षित रखकर आगामी वर्षों में अधिक क्षेत्र में इसकी खेती करेंगे तथा अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल के लिए किसानों को मूंगफली एवं तिल के बीज भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे फसल विविधीकरण को और बढ़ावा मिलेगा। उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया तथा विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए.एस. आठया और कृषि विस्तार अधिकारी शैलेन्द्र चौबे ने किसानों के खेतों में पहुंचकर फसल का अवलोकन किया तथा तकनीकी मार्गदर्शन देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश

# कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने निरूशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना, संकल्प से समाधान अभियान, जिले में एलपीजी की स्थिति, सीएम हेल्पलाइन, निर्माण कार्यों, बोरी बंधान, फार्मर रजिस्ट्री, समाधान ऑनलाइन, पीएम किसान मित्र सूर्या योजना, समय सीमा के लंबित प्रकरणों आदि पर विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।**

### योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना और संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की। उन्होंने जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आयोजित होने वाले शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने तथा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शिविर में सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी देंगे और प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निराकरण कर ऑनलाइन दर्ज करेंगे। कलेक्टर ने जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धि और वितरण की जानकारी ली। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में एलपीजी बुकिंग एवं वितरण सुचारू रूप से संचालित है। इस संबंध में आ रही समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है और उनके मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं।

### आजीविका मिशन कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन और समय सीमा पत्रों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो कार्य लंबित हैं, उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने आजीविका मिशन ग्रामीण के द्वारा किए गए बोरी बंधान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। सभी शासकीय कार्यालयों एवं कार्यक्रमों में प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसका पालन सुनिश्चित किया जाए।

### गौशालाओं की समीक्षा

उन्होंने फार्मर आईडी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उन किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाए, जिससे उन्हें शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ तत्परता से मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गौशालाओं की भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए। गौशालाओं के रखरखाव को बेहतर किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नरवाई जलाने वाले किसानों पर कार्यवाही की जाए।

### कलेक्टर के निर्देश पर हटाया अवैध कब्जा



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले की तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेली में राजस्व विभाग द्वारा आवेदक लोकेंद्र गौंड की भूमि खसरा क्रमांक 46/38 रकबा 1.215 हेक्टर से अवैध कब्जा हटाकर विधिवत कब्जा सौंपने की कार्यवाही की गई। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया और भूमि का विधिवत कब्जा आवेदक को दिलाया। कार्यवाही के दौरान प्रभारी तहसीलदार निर्मल पटले के साथ पटवारी राघवेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम कोटवार तथा होमगार्ड के रामशंकर गौतम मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग शिविर 269 दिव्यांगजनों का किया गया परीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करेली में सोमवार को आयोजित दिव्यांग शिविर में मेडिकल बोर्ड नरसिंहपुर के अस्थि विशेषज्ञ, एमआर विशेषज्ञ आदि के द्वारा 269 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत पात्र दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड तथा बस ट्रेन के कंसेशन पास जारी किए गए। उक्त शिविर में सामाजिक न्याय विभाग के जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों का सत्यापन एवं ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई।

### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान भारत उमंग के कक्षा 6 से 8 तक की हेल्थ एंड वैलनेस एम्बैस्डर स्कूल शिक्षकों का प्रशिक्षण जिले में 9 मार्च से 14 मार्च 2026 तक कुल 5 बैचों में आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा, जिला परियोजना समन्वयक शिक्षा मनीष चैकसे एवं सहायक परियोजना समन्वयक समीर त्यागी के सहयोग से संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के मॉड्यूल शिक्षकों को संपूर्ण गतिविधि सहित पाठ पढ़ाए गए। आईसेक्ट संस्था नरसिंहपुर के कमल साहू एवं जिला परियोजना समन्वयक आईसेक्ट ब्रजेश त्रिवेदी द्वारा प्रशिक्षण की संपूर्ण वयवस्थाएँ की गई थी। राज्य स्तर से आए मास्टर ट्रेनर आरपी शर्मा, कुलभूषण सिंह एवं मनोज कुलश्रेष्ठ व शिक्षा विभाग से जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीमती रश्मि शुक्ला, श्रीमती दुर्गा सोनी एवं अंकित साहू के द्वारा समस्त शिक्षकों को राष्ट्र किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के 6 थीम पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इनमें प्रमुखतः पोषण, यौन- प्रजनन स्वास्थ्य, नशा से संबंधित पदार्थ की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य एवं असंचारी रोग शामिल हैं। इस प्रशिक्षण के उपरांत किशोर में स्वास्थ्य को लेकर शिक्षकों द्वारा जागरूकता की जाएगी।

## ठगी करने वाला आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस ठगी के कराने के मामले मे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि बच्चों को क्रिकेट की कोचिंग देने वाला एक व्यक्ति अंतरराज्यीय शातिर ठग निकला। नरसिंहपुर पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी बैंक और फाइनेंस कंपनियों के नाम से पोस्टर लगाकर जरूरतमंद लोगों को झांसे में लेता था और विभिन्न शुल्क के नाम पर पैसे ऐंठता था। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपी देवकीनंदन कपूर उर्फ देव (35) जैन नगर, कराला थाना रोहिणी (नई दिल्ली) का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह खुद को प्रोफेशनल क्रिकेट खिलाड़ी बताकर लोगों का भरोसा जीतता था और इसी पहचान का फायदा उठाकर ठगी करता था।

नरसिंहपुर निवासी ओंकार प्रसाद चैधरी ने 2 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे 93 हजार 900 रुपये ठग लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर मोबाइल नंबर, बैंक खातों और ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाकर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों की दीवारों पर फर्जी बैंक और फाइनेंस कंपनियों के नाम से पोस्टर लगवाए थे। पोस्टर पर दिए नंबर पर कॉल करने पर एक महिला खुद को बैंक कर्मचारी बताकर लोगों को झांसे में लेती थी। इसके बाद आरोपी अलग-अलग शुल्क जैसे बीमा, जीएसटी, डीडी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे मंगवाता था। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी दिल्ली में कॉल सेंटर चलाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। पोस्टर के जरिए आए कॉल कॉल सेंटर तक पहुंचते थे, जहां से टेली-कॉलर लोगों को लोन दिलाने का झांसा देते थे। बाद में आरोपी स्वयं संपर्क कर पैसे की मांग करता था। ठगी की रकम सीधे अपने खाते में लेने के बजाय वह अन्य लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 चेकबुक, 10 पासबुक, सात एटीएम कार्ड और दो आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। इसके अलावा ठगी में इस्तेमाल किए गए करीब 10 बैंक खातों को भी चिन्हित कर जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### रासेयो राज्य स्तरीय शिविर में शिवानी एवं सुमित का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर दीनदयाल शोध संस्थान उद्यमिता परिसर चित्रकूट जिला सतना में 08 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय शिविर में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के रासेयो स्वयंसेवी छात्रा शिवानी सेन एवं छात्र सुमित यादव ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर का प्रतिनिधित्व किया। शिविर के दौरान आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विविध प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें नृत्य में शिवानी सेन एवं रामलीला में सुमित यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वयंसेवक सुमित यादव ने नेतृत्व क्षमता कार्यक्रम के तहत 620 स्वयंसेवकों की इकाई के दल का नेतृत्व किया। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी षिविरार्थिओं एवं प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। स्वयंसेवी छात्र एवं छात्रा की उपलब्धि पर महाविद्यालय के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वय श्रीमती आराधना दुबे, चंद्रप्रकाश गुप्ता सहित महाविद्यालय स्टॉफ मेम्बर्स द्वारा उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाऐं प्रेषित की।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिले भर के प्रत्येक मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहें है इसी क्रम में नरसिंहपुर नगर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति और संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने व संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों को कार्यकर्ताओं के मध्य रखा गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. हंसराज ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने वैचारिक अधिष्ठान पर व द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य राजेन्द्र राजपूत एवं मुख्य वक्ता मिनेन्द्र डागा ने भाजपा का कार्य विस्तार पर रखा गया। तृतीय सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता विजय लूनावत ने की एवं सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित रामस्नेही पाठक ने संगठन की विचारधारा,सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हुए समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों के लिए नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री एड.रमेश नेमा ने की एवं सत्र को पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 2014 के पहले जहां कांग्रेस की सरकारों में गरीब सरकारी कागजों व सरकार के नारे तक सीमित था वहीं मोदी जी के शासन में आने के बाद सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को बिना भेदभाव के दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन नगर महामंत्री मयंक जैन एवं रचना वर्मा व आभार नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा द्वारा किया गया। मंडल के प्रत्येक बूथ से प्रशिक्षार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



## साहू समाज में मनाई मां कर्मा देवी की जयंती, चल समारोह प्रतिमा सम्मान और भंडारे का किया

गोटेगांव के स्टेडियम ग्राउंड में साहू समाज ने भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती श्रद्धा उत्साह और धूमधाम के साथ मनाएं इस अवसर पर भव्य चल समारोह संस्कृत कार्यक्रम एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान प्रतिमा सम्मान तथा दो आदमी है के साथ मनाई इस अवसर पर मुख्य अचल समारोह संस्कृत कार्यक्रम वरिष्ठ जनों का सम्मान तथा भंडारे का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मंडला सांसद श्री भगवान सिंह प्लास्ट विधायक महेंद्र नागेश ने मां कर्मा देवी की पूजन के साथ किया इस दौरान भगवानदास साहू जिला अध्यक्ष समाज एवं ग्रामीण अध्यक्ष त्रिभुवन साहू ने फूलमाला साल श्रीफल से सम्मान किया गया किसी तारतम्य में स्टेडियम ग्राउंड से शोभा यात्रा निकाली गई जो कि नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कार्य स्थल स्टेडियम ग्राउंड पहुंची जहां मंचीय कार्यक्रम मैं वरिष्ठ जनों का सम्मान सुजीत साहू राकेश साहू प्रदीप साहू परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह एवं माला पहनकर किया गया ! कार्यक्रम में भामाशाह बने श्री हेतराम जी साहू का सम्मान मंच पर उपस्थित श्री सरदार सिंह जी पटेल संरक्षक राम जानकी मंदिर ट्रस्ट जिला अध्यक्ष भगवान दास साहू एवं उपस्थित मंचासीन सभी ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया ! मंच पर उपस्थित मनी नागेंद्र सिंह फाउंडेशन सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे पूर्व जनपद अध्यक्ष पंडित संतोष दुबे जितेंद्र चौबे निधान सिंह पटेल शक्ति सिंह राजपूत सभी का माला से रद्द किया गया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम साहू हिमालय वालों ने की उद्बोधन श्रृंखला में जिला अध्यक्ष भगवान दास साहू ने मां कर्मा देवी की जीवन परिचय कराते हुए उन्होंने सामाजिक कुरीतियों में दहेज प्रथा मृत्यु भोज एवं शादी के पूर्व फोटो बना की प्रथा को समाप्त करने को कहा साथ ही नगर के पेट्रोल पंप चौराहे को मां कर्मा देवी चौराहे का नामांकन करने की मांग की किसी तारतम में मंचिस पंकज चौक से जितेंद्र चौबे ने भी साहू समाज की प्रशंसा करते हुए एकता संगठन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए समाज के अध्यक्ष भगवान दास साहू के सामाजिक एकता की तारीफ की उद्बोधन पर इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने साहू समाज के जन समुदाय को देखते हुए कहा कि नगर में प्रथम संगठन है जिसने अपने काम समय में ही इतनी एकता संगठन शक्ति का प्रदर्शन किया और पेट्रोल पंप चौराहा को मां कर्मा देवी चौराहा करने की घोषणा की !

### राज्य शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश यादव के आह्वान पर शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित मुद्दे एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित प्रमुख मुद्दों को लेकर जिलाध्यक्ष अजीत जाट के नेतृत्व में राज्य शिक्षक संघ जिला इकाई नरसिंहपुर की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई।उक्त अवसर पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार डी पी आई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी संबंधी आदेश अनुसार प्रदेश में टी ई टी को लेकर चल रही स्थिति एवं सरकार की नीति सेवारत शिक्षकों पर टी ई टी लागू करने के विषय में विचार विमर्श पूर्व में नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया तथा शिक्षकों के साथ हो रही कथित दोहरी नीति की समीक्षा कर कानूनी पहल पर निर्णय आवश्यकता पड़ने पर माननीय उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित संघ के प्रदेश जिला ब्लॉक तहसील पदाधिकारियों व शिक्षकों ने एकजुट होकर टी ई टी का पुरजोर विरोध करते हुए उक्त मुद्दों को लेकर शासन एवं माननीय न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्णय लिया।

# जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत





**तेंदूखेड़ा। एक तरफ जहां जल संरक्षण की दिशा में तरह तरह के प्रयास किए जाते रहे हैं।गर्मी आते ही जल संरचनाओं को सहेजने और संरक्षण पानी रोको जैसे अभियान चलाये जाने के साथ प्रशासन द्वारा कागजी घोड़े दौडाये जाने के साथ बड़ी बड़ी हियादतें दी जाने लगती हैं और गर्मी निकलते ही वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होने लगती है। धरातल पर पानी कहीं नहीं दिख रहा है। गर्मी आते ही नदियां सूखने की स्थिति में आ गई है।जिन नदियों में पानी बचा है उनमें विद्युत मोटर पाइपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई जारी है। जिस कारण से नदियां सूखने से आसपास के हैंडपंपो ट्यूबबेलों का जमीनी जल स्तर काफी नीचे पहुंचने लगा है।**

समय रहते समुचित प्रयास नहीं किए गए तो नदियों में पानी भी नहीं बचेगा। मवेशियों को भी पीने पानी नहीं मिल पाएगा। तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खमरिया बरांझ नदी भी अब सूखने लगी हैं। वहीं गुटोरी के समीप पाड़ाझिर नदी पर वर्षों पूर्व बने स्टॉप डैम पर गेट न होने तथा नदी का कटाव हो जाने के कारण बरसाती पानी बह जाता है। ऐसी स्थिति में नदी में पानी नहीं बच रहा है। समीपी ग्राम इमझिरा नदी का लगातार कटाव होने के कारण पाट काफी चौड़ा होता चला जा रहा है। क्षेत्र के कृषकों का कहना है कि बिजली की समस्या के चलते ट्यूबबेलों के माध्यम से पानी को लेकर काफी परेशानी होती रही है यहां तक की मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी परेशान होना पड़ता था। उक्त नदी पर स्टाप डेम बन जाता है तो काफी लाभ क्षेत्रीय किसानों को मिलता ।गौरतलब रहे कि इमझिरा के समीप खमरिया सहित विभिन्न स्थानों पर बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग लम्बे समय से जारी है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने पूर्व में भी योजना समिति की बैठक में मांग रखी थी।बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है।ठंड के मौसम में ही जलस्त्रोत जबाब देने लगते हैं ।प्रमुखता से रखी थी। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों क्षेत्रों गुजरने वाली विभिन्न क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाया जाना काफी लाभकारी सिद्ध होगें । बशर्ते उन्हें बनाये जाने की पहल होना जरूरी है। संबंधित विभाग यदि इस दिशा में कोई ठोस पहल करे तो भी कुछ हद तक खेतों को पानी के साथ टयूबबेल के गड्ढों और घरेलू हैंडपंपों कुओं में पर्याप्त पानी रह सकता है। एक तरफ पानी की समस्या को लेकर आये दिन परेशानी का आलम देखा जाता है ।ऐसे समय में छोटे-छोटे स्टाप डेम से किया गया जल संरक्षण लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

### गंगई टेकापार के बीच वर्ष भर रहता है पानी

नर्मदा उत्तराखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगई और टेकापार के बीच बहने वाली बरांझ नदी जिसमें वर्षभर पानी बहता है यदि इस नदी पर दो तीन स्थानों पर स्टाप डेम बन जाते हैं तो गंगई और टेकापार के बाजू से लगे विभिन्न ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा।पूर्व में भी इस संबंध में लिखित ज्ञापन भी सौपा गया था ।लेकिन अभी तक उचित निराकरण भी नहीं हो पाया हैं ।कृषकों ने स्टाप डेम बनाये जाने की मांग की है।

### तालाबों का नहीं हो रहा उचित रख रखाव

तालाबों के संरक्षण तथा जमीनी जलस्तर बढ़ाये जाने की दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों का उचित तरीके से रखरखाव न होने तथा उनमें कचरा डाले जाने वे नष्ट हो रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए नागरिक और जिम्मेदार दोनों बेखबर हैं। तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब निर्माण के लिए भारी भरकम कागजों में तो खूब निकाली गई लेकिन धरातल पर आज एक भी तालाब नहीं बचा है और ना ही कहीं पानी देखने मिल रहा है।

### नदी पुर्नजीवित योजना बस्ते में

पूर्व में जल संरक्षण की दिशा में नदी पुर्नजीवित योजना को लेकर चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत विभिन्न नदियों का सर्वे कराया गया था। और बरांझ नदी को इस योजना के तहत काम करने अधोसंरचना भी बनाये जाने के आश्वासन जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये थे। लेकिन आज तक इस दिशा में कोई उचित पहल नहीं दिख रही है।